>

Title: Regarding doubling of Gaya-Kiul Railway line in Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): सभापति जी, आपने मुझे बोलने की इजाजत दी है, इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, बिहार में गया से लेकर क्यूल तक 55 किलोमीटर ब्राडगेज रेलवे लाइन है, उसका दोहरीकरण आज तक नहीं हुआ है। इसके कारण हजारों लोगों को प्रतिदिन कठिनाई होती है, समय की बर्बादी होती है। आप जानते हैं कि दुनिया की तमाम आत्माएं जब शरीर छोड़ती हैं, तो वे गया में आकर निवास करती हैं और विश्व की उन आत्माओं का वंश वहां उपस्थित होता है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेलवे मंत्रालय से कहना चाहता हूं कि वह गया से लेकर क्यूल तक कि 55 किलोमीटर इस रेलवे लाइन का दोहरीकरण करे और उस लाइन पर एक्सप्रेस ट्रेन की व्यवस्था करे ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं।